# नगर निगम अतिक्रमण विभाग में घुसकर कर्मचारियों पर हमला

## आक्रोशित कर्मचारियों ने कोतवाली थाने में ज्ञापन सौंप दी चेतावनी, 24 घंटे में गिरफ्तार न हुए आरोपी तो ठप होंगी सेवाएं

**कटनी, देशबन्धु।** नगर निगम के अतिक्रमण विभाग कार्यालय में हुई कथित मारपीट की घटना के विरोध में नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी एकजुट होकर कोतवाली थाना पहुंचे। कर्मचारियों ने घटना को सरकारी कर्मचारियों की सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। गौरतलब है कि 12 जून की रात्रि अतिक्रमण विभाग की कार्रवाई को लेकर उपजे विवाद के बाद कुछ लोगों द्वारा कार्यालय पहुंचकर कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार एवं मारपीट किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ, जिसके बाद कर्मचारियों में भारी नाराजगी देखी गई।



सोमवार को नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी, दैनिक वेतनभोगी, पेंशनर एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारी बड़ी संख्या में एकत्रित होकर थाना कोतवाली पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों का कहना था कि नगर निगम अमला शहर की सफाई, अतिक्रमण नियंत्रण, जलापूर्ति और अन्य आवश्यक सेवाओं के लिए निरंतर कार्य करता है, ऐसे में कर्मचारियों के साथ हिंसक व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। मध्यप्रदेश नगर निगम, नगर पालिका कर्मचारी संघ ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा नगर निगम कर्मचारियों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए। संगठन का कहना है कि यदि शासकीय कार्यों का निर्वहन कर रहे कर्मचारियों पर हमले होने लगेंगे तो इससे कर्मचारियों का मनोबल प्रभावित होगा और जनसेवाओं पर भी असर पड़ेगा। कर्मचारियों ने डीएसपी रत्नेश मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। आवश्यकता पडने पर नगर की मूलभूत सेवाओं से जुड़े कार्यों को प्रभावित कर विरोध प्रदर्शन भी किया जा सकता है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि किसी भी कार्रवाई से असहमति होने पर उसके लिए कानूनी और प्रशासनिक रास्ते उपलब्ध हैं, लेकिन सरकारी कार्यालय में पहुंचकर विवाद और मारपीट जैसी घटनाएं कानून व्यवस्था एवं प्रशासनिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगी और कर्मचारियों को न्याय मिलेगा। नगर निगम कर्मचारियों का कहना है कि वे नगरहित में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहेंगे, लेकिन कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

इस दौरान नगर निगम उपायुक्त श्री गुप्ता, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक, सुरेंद्र शर्मा इकाई अध्यक्ष, नगर निगम अतिक्रमण अधिकारी मानवेंद्र सिंह, प्रमुख पदाधिकारी सुरेंद्र सिंह सोलंकी, प्रदेश अध्यक्ष, गणेश प्रसाद विचपुरिया-प्रदेश संगठन सचिव, पारसनाथ प्रजापति- जिला अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा- इकाई संरक्षक, श्रीराम चौरसिया- इकाई संरक्षक, सुरेंद्र शर्मा- इकाई अध्यक्ष, इकाई सलाहकार, विष्णु प्रसाद साहू- इकाई सलाहकार, रविशंकर पाण्डे- इकाई सलाहकार, रिजवान खान-इकाई सलाहकार, संगठन पदाधिकारी मृदुल तिवारी-अध्यक्ष, पुरुषोत्तम तिवारी, महेश चौबे-महामंत्री प्रमोद खरे, तेजभान सिंह, संदीप पाठक-सचिव, आलोक गर्ग ओम प्रकाश सोनी, प्रभांशु तिवारी-उप सचिव, नीलिमा झा, राकेश तिवारी, छोटेलाल चौधरी-संगठन सचिव, सुशील कुमार सोनी, शशिकांत नायक, अनमोल शुक्ला-संयुक्त सचिव, राजकुमार गुप्ता, (राजकुमार पांडे), रंगलाल बर्मन-प्रवक्ता, शंकर लाल तिवारी, शुभम प्यासी-कोषाध्यक्ष, प्रमोद पांडे, कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, रमाकांत रावत, विनोद कुमार सोंधिया, गुड्डी दहिया, गोमती केवट, अतुल गुप्ता, अशोक सेन, परमवीर सिंह (अनमोल), पेंशनर समिति नवीन पाठक मुरलीधर देवबंशी, अरविंद प्यासी, सुरेंद्र पांडे सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

### स्लीमनाबाद स्थित तेवरी के पास हुआ दर्दनाक हादसा

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



**कटनी, देशबन्धु।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेवरी के पास हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। इस घटना में तेज रफ्तार पिकअप ने मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मारी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही स्लीमनाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई और अग्रिम कार्यवाही शुरू की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बिलहरी चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम घूघरा निवासी संतोष सेन और चंदू आदिवासी अपनी बाइक क्रमांक एमपी 21 जेडई 9048 से तेवरी की तरफ जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वे लोग राष्ट्रीय राजमार्ग से तेवरी गांव की तरफ मोड़ने लगे तभी कटनी से जबलपुर की ओर तेज रफ्तार से जा रहा पिकअप क्रमांक एमपी 28 जी 9373 ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक में सवार दोनों युवक उछलकर दूर जा गिरे, पिकअप युवकों को रौंदते हुए कुछ दूर आगे जाकर खड़ी हो गई। पुलिस ने युवकों के शव को कब्जे में लेते हुए अस्पताल भिजवाया है।

# लमतरा बस हादसे में एक और घायल की मौत

**कटनी, देशबन्धु।** कुठला थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया ब्रिज के पास शुक्रवार को हुए भीषण बस हादसे में मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है। शनिवार को इलाज के दौरान एक और गंभीर रूप से घायल यात्री ने दम तोड़ दिया, जिसके बाद इस दर्दनाक हादसे में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4 हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विजयराघवगढ़ क्षेत्र के ग्राम खरखरी निवासी देवीदीन रजक (उम्र-परिवर्तित/अनुसार) इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें शुक्रवार को जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया था, लेकिन हालत बेहद नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया था। एम्बुलेंस से जबलपुर ले जाते समय गोसलपुर के समीप देवीदीन की सांसें टूट गईं और उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

**गांव में शोक की लहर-** देवीदीन की मौत की खबर मिलते ही उनके गृह ग्राम खरखरी (विजयराघवगढ़) सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गोसलपुर पुलिस और संबंधित प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। बता दें कि विजयराघवगढ़ से आ रही इस यात्री बस के पलटने से शुक्रवार को ही तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई थी, वहीं एक दर्जन से अधिक लोग अब भी जिला अस्पताल में उपचाराधीन हैं, जिनमें से कुछ की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## सार-समाचार

### ढीमरखेड़ा जनकल्याण शिविर में आए 70 आवेदन



**उमरियापान, देशबन्धु।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ उपलब्ध कराने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को ढीमरखेडा विकासखण्ड मुख्यालय में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कन्या पूजन के बाद मां सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बडवारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुरक्षा और सुशासन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। सरकार की योजनाओं से गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और व्यापारियों को सीधा लाभ मिल रहा है। विधायक ने कहा कि जनकल्याण शिविर प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष के सफल सुशासन का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की 110 जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक एक ही स्थान पर पहुंचाना है। कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी अभिनय विश्वकर्मा की विशेष मौजूदगी रही।शिविर में ग्रामीणजनों को विभागों के अधिकारियों द्वारा संचालित जन हितैषी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। विधायक, कलेक्टर और एसपी ने जनकल्याण शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टालों का निरीक्षण किया।महिला बाल विकास विभाग के स्टॉल में देशी व्यंजनों के स्वाद का जायका लिया। इसके बाद अन्य विभागों के द्वारा लगाए गए स्टालों का भी अधिकारियों ने निरीक्षण किया। शिविर दौरान पात्र दिव्यांगो को ट्राईसाइकिल और स्कूल के छात्रों को साइकिल प्रदान की गई। इसके अलावा हितग्राहियों को संबल योजना की अनुग्रह राशि, लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। शिविर में आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं के निराकरण का भी स्टाल? लगाकर किया गया। आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। शिविर में ढीमरखेड़ा एसडीएम निधि सिंह गोहल, जनपद अध्यक्ष, जनपद सीईओ यजुवेंद्र कोरी, बीएमओ डा. बीके प्रसाद, समाजसेवी राजेश ब्यौहार, जिला मंत्री प्रशांत राय, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र त्रिपाठी, आशीष चौरसिया, अजय सोनी, मनीष बागरी, प्रदीप चौरसिया सहित विभागों के जिला अधिकारी और विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### आत्मज्ञ ही सर्वज्ञ बनने की दिशा में अग्रसर होता है : मुनि श्री मंगलानंद जी महाराज



**बाकल, देशबन्धु।** जो आत्मज्ञ है, वही सर्वज्ञ बनने की दिशा में अग्रसर होता है। हर बात जानना आवश्यक नहीं है, बल्कि स्वयं को जानना अधिक महत्वपूर्ण है। मनुष्य ने बोलकर अनेक दुःख उठाए हैं, जबकि मौन से विवाद की संभावना समाप्त हो जाती है। दुःख का मूल कारण भ्रम है। जब तक भ्रम बना रहेगा, जीवन का सही मार्ग नहीं मिल सकता। हम भ्रम में जीते हुए सुख की अपेक्षा करते हैं, जो संभव नहीं है। उक्त आशय के सारगर्भित उद्गार आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री मंगलानंद जी महाराज एवं मुनि श्री मंगल सागर जी महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आत्मकल्याण के लिए आत्मचिंतन, संयम और मौन का विशेष महत्व है। मौन केवल वाणी का नियंत्रण नहीं, बल्कि मन की शुद्धि का भी माध्यम है। व्यक्ति जब अपने भीतर झांकता है, तभी उसे सत्य का बोध होता है और जीवन की अनेक समस्याओं का समाधान स्वत: मिलने लगता है। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे तथा मुनिश्री के प्रेरणादायी प्रवचनों का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

# एनएचएआई को दिए 24 घंटे का अल्टीमेटम

**कटनी, देशबन्धु।** कटनी-विजयराघवगढ़ मार्ग पर लमतरा ओवरब्रिज के नीचे हुए भीषण बस हादसे के बाद आज क्षेत्रीय सांसद व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा (वीडी शर्मा) एवं क्षेत्रीय विधायक संजय पाठक एक्शन मोड में नजर आए। बस एक्सीडेंट में तीन यात्रियों की असामयिक मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दोनों जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को प्रशासनिक अमले के साथ सीधे ग्राउंड जीरो का रुख किया। सांसद वीडी शर्मा और विधायक संजय पाठक ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग के आला अधिकारियों के साथ दुर्घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।



कटनी-विजयराघवगढ़ मार्ग पर बस हादसा, घटना स्थल पहुंचे सांसद वीडी शर्मा और विधायक संजय पाठक

निरीक्षण के दौरान सड़क की बदहाली और सुरक्षा इंतजामों में कमी को लेकर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई गई और सुगम व सुरक्षित यातायात के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए।

**पीड़ित परिवारों को ढांढस, मुख्यमंत्री से की गई है मदद की अपील**

निरीक्षण के दौरान सांसद वीडी शर्मा और विधायक संजय पाठक ने कहा कि इस हादसे में तीन अमूल्य जानें गई हैं, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। लेकिन भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों को तुरंत दूर किया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले विधायक संजय पाठक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से फोन पर चर्चा कर मृतकों के परिवारों और घायलों के लिए समुचित आर्थिक सहायता और उचित इलाज की मांग भी की थी। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें समय सीमा के भीतर सभी सुरक्षात्मक उपाय पूरे करने की चेतावनी दी गई है।

**अधिकारियों को मिले ये निर्देश**

**24 घंटे में गड्ढे भरने का अल्टीमेटम-** लमतरा ओवरब्रिज के नीचे और आसपास के मार्ग पर जितने भी जानलेवा गड्ढे हैं, उन्हें अगले 24 घंटों के भीतर दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

**रूट डायवर्जन-** यातायात के दबाव को कम करने और सुरक्षित आवागमन के लिए तत्काल प्रभाव से अस्थायी रोड डायवर्ट करने की योजना बनाने को कहा गया।

**देवरी ओवरब्रिज पर लगेंगे बड़े संकेतक-** जबलपुर से कटनी आने वाले मार्ग पर देवरी ओवरब्रिज (बजरंग नगर पीर बाबा के पहले) पर वाहन चालकों को कटनी आने का सही रास्ता दिखाने के लिए बड़े और स्पष्ट संकेतक (साइनबोर्ड) लगाए जाएंगे, ताकि भ्रम की स्थिति न बने।

**दीवाल के रोड डिवाइडर का निर्माण-** देवरी ओवरब्रिज के पास मजबूत दीवाल वाले रोड डिवाइडर बनाए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारी ट्रक या अन्य वाहन अनधिकृत रूप से सड़क किनारे खड़े न हो सकें, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है।

# आईएसआई मार्का एवं हॉलमार्किंग ही गुणवत्ता की पहचान : हरिशंकर शुक्ल



**कटनी, देशबन्धु।** दैनिक उपयोग की वस्तुयें, हेलमेट, प्रेशर कुकर, गैस चूल्हा, लाइटर, टेलीविजन, पंखे, कूलर आदि की गुणवत्ता की परख आई एस आई मार्का तथा सोने के आभूषण की गुणवत्ता हॉलमार्किंग से ही पहचानी जाती है, गत दिवस भारतीय मानक ब्यूरो के सहयोग से अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा मानक ब्यूरो के रिसोर्स परसन हरिशंकर शुक्ल ने प्रेमनगर,रफी अहमद किदवई वार्ड, कटनी में आयोजित स्वसहायता समूह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को प्रशिक्षण देते हुए कहा। श्री शुक्ल ने कहा कि मानकों द्वारा सशक्त महिलाओ का उजियारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें महिलाए सक्षम तथा सशक्त बने, ठगी से बचे, क्योंकि मुट्ठी भर निर्माता, विक्रेताओं के माध्यम से नकली उत्पाद जानबूझकर बेच रहे है, जिन्हें रोकने के लिए सशक्त महिलाएं, जानकार महिलाए ही रोक सकती है, सम्पूर्ण देश में स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देने का कार्य भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा किया जा रहा है। श्री शुक्ल ने हॉलमार्किंग, मानकीकरण के साथ उपभोक्ता अधिकार तथा ठगी होने पर उपभोक्ता न्यायालय तक की सम्पूर्ण विधि उपस्थित सैकड़ों महिलाओं को बताया, तत्पश्चात प्रश्न पूछकर जानकारी भी लिया, तथा सभी के मोबाइल पर बीआईएसएप डाउन लोड कराया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रीती सेन, डा.एम.ए.खान, सुमन सैनी, सपना सेन, शीतल पांडेय, रितू मंडल ने भी अपने विचार व्यक्त कर जानकारी दी।

# सांसद वीडी शर्मा ने गिनाईं 12 साल की उपलब्धियां

### प्रधानमंत्री मोदी के लिए राजनीति सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प : संजय पाठक

*__कटनी, देशबन्धु।__ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर सांसद विष्णु दत्त शर्मा, विधायक संजय पाठक ने विजयराघवगढ़ के सभी सात मंडलों में अलग अलग स्थानों पर आयोजित जनकल्याण शिविर, चौपाल बैठक, लाभार्थी संपर्क जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच पहुंचकर संवाद किया । जनकल्याण शिविर में हितग्राहियों को उनके हितलाभ का वितरण भी गया। इस दौरान जनकल्याण शिविर का शुभारंभ सांसद विष्णु दत्त शर्मा, सजंय पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन नगर परिषद अध्यक्ष पलक गौवर, संतोष केवट के द्वारा दीप प्रज्वलन कर हुआ। जनता से संवाद करते हुए सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि सेवा व सुशासन का 12 वर्ष पूर्ण करने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार जनकल्याण, विकास और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। इसमें पक्के घर, स्वच्छ पेयजल और मुक्त इलाज आयुष्मान भारत जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल है। जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जो भी लोग अब तक किन्हीं कारणों से योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं वह तीन दिनों तक चलने वाले शिविर व मेले में अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। विधायक संजय पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कार्यकाल के 12 सफल वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, रक्षा, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। श्री मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल सेवा करने का रहा है । क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए राजनीति सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प है जैसा कि देश की 150 करोड़ जनता जानती भी है। कार्यक्रमों में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुधा कोल, उपाध्यक्ष उदयराज सिंह चौहान, मनीष देव मिश्रा, मृदुल मिश्रा,राजेश पटेल, रंगलाल पटेल, अजय पप्पू शर्मा, मनीषा शर्मा, गुरुदीप बेदी, भवानीराजा मिश्रा, श्रीराम सोनी, विवेक सिंह बघेल, प्रमोद सोनी आदि लोगों की उपस्थिति रही।*



# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता : वीडी शर्मा

## निगम कार्यालय में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ, योजनाओं के पात्र हितग्राही हुए लाभान्वित

**कटनी, देशबन्धु।** शासन की चिन्हित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने हेतु आयोजित होने वाले तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ सोमवार को नगर निगम कार्यालय परिसर में खजुराहो लोकसभा सांसद विष्णु दत्त शर्मा, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार की भी मौजूदगी रही। शिविर में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी, मेयर इन काउन्सिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, उमेन्द्र अहिरवार पार्षद श्रीमती सीमा श्रीवास्तव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों रम्मू साहू, मृदुल मिश्रा, मनीष दुबे, अभिषेक शर्मा, सुरेश सोनी, अभिषेक गुप्ता बाबा भैया सहित उपायुक्त श्री शैलेश गुप्ता श्रीमती प्रियंका झारिया सहित नगर निगम के अधिकारियों एवं काफी संख्या में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विष्णु दत्त शर्मा ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित कर रही है तथा इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के माध्यम से संचालित योजनाओं से हर गरीब का विकास हो रहा है तथा देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो रहा है।



अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों लें शिविर का लाभ : महापौर

**हर वर्ग का हो रहा विकास : महापौर श्रीमती सूरी**

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने अपने उद्बोधन में सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से समाज का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित हो रहा है। सरकार द्वारा महिला युवा, किसान सहित हर वर्ग के समुचित विकास करने के प्रयास किये जा रहे है।

**विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के लगाए गए स्टॉल**

शिविर के दौरान नगर निगम की विभिन्न शाखाओं द्वारा प्रघानमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, समग्र आईडी एवं राशन कार्ड, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन की विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना, भवन अनुज्ञा, भवन नामांतरण, ट्रेड लायसेंस सेवाओं, सहित मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित नवीन स्वरोजगार रोजनाओं के स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों के आवेदन लिए जाकर उनका पंजीयन किया गया। सांसद श्री शर्मा एवं उपस्थित जनों द्वारा शिविर स्थलों में लगाये गए स्टॉल का निरीक्षण कर प्रदाय की जानें वाली विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी ली जाकर आयोजित शिविर की व्यवस्थाओं की सराहना की।